# रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय

उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**Controller General of Defence Accounts**

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

विकसित भारत अभियान 1947 TO 2047

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in


सं. 55018/ हि.क./ रा.भा.का.स./ मु.का./ 31/ जि.-3 दिनांक : 20 मार्च, 2026

सेवा में,

सभी र.ले.प्र.नि./ र.ले.नि./ क्षे.प्र.कें.

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 18 मार्च, 2026 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के कार्यवृत्त का प्रेषण।**

रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की जनवरी-मार्च, 2026 तिमाही की बैठक दिनांक 18.03.2026 को रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त आपको इस अनुरोध के साथ अग्रेषित किया जाता है कि आपके कार्यालय से संबंधित कार्यवृत्त की मदों पर अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा की गई कार्रवाई से मुख्यालय कार्यालय को अवगत कराया जाए।

रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से जारी।

संलग्नक : यथोक्त

पूनम 20/3/26

**(पूनम)**

**सहायक निदेशक(राजभाषा)**

**<u>प्रतिलिपि:</u>**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निदेशक (राजभाषा), रक्षा मंत्रालय<br>कमरा नं. 240, 'बी विंग', सेना भवन, नई दिल्ली | - | सूचनार्थ |
| 2. | मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्य | - | सूचनार्थ |
| 3. | मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग | - | कृपया आपके अनुभाग से संबंधित कार्यवृत्त की मदों पर यथापेक्षित कार्रवाई करते हुए राजभाषा अनुभाग(स्था.) को सूचित करें। |
| 4. | सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली कक्ष (स्थानीय) | - | र.ले.म.नि. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु |
| 5. | आदेश फाइल | - | 01 प्रति |

-ह०-

**(पूनम)**

**सहायक निदेशक(राजभाषा)**

रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय
उलान बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010
Controller General of Defence Accounts
Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

विकसित भारत अभियान
1947 TO 2047

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

**(राजभाषा अनुभाग)**

**विषय : रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 18 मार्च, 2026 को आयोजित तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की मार्च, 2026 को समाप्य तिमाही की बैठक 18 मार्च, 2026 को अपराह्न 03.30 बजे श्री विश्वजीत सहाय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अनुग्रह नारायण दास | रक्षा लेखा विशेष महानियंत्रक |
| 2. | श्रीमती अलका नांगिया अरोड़ा | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 3. | श्री सी. ज़ोथनखुमा | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 4. | श्रीमती मौशुमी रूद्र | रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक |
| 5. | श्री अश्विनी कुमार तिवारी | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 6. | श्रीमती सुमति कुमार | रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक |
| 7. | श्री पुनीत अग्रवाल | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 8. | श्री पुष्कल उपाध्याय | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 9. | श्रीमती मौली सेनगुप्ता | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 10. | श्री राजेश चन्द्रा | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 11. | श्री बलराम कुमार | रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक |
| 12. | श्री विनीत पराशर | रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक |
| 13. | श्री संदीप श्योराण | रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक |
| 14. | सुश्री काव्या तंगिराला | रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक |
| 15. | श्री हिमतेश प्रताप सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 16. | श्री घनश्याम शुक्ला | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 17. | श्री देवेन्द्र मोहन | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 18. | श्री के.पी. सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 19. | श्री पवन कुमार सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 20. | श्री कौशल कुमार सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 21. | श्रीमती पूनम | सहायक निदेशक (राजभाषा)/ सदस्य सचिव |
| 22. | श्रीमती काकोली दत्ता | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| 23. | श्रीमती रूचिता सहाय | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 24. | श्रीमती वॉइलेट खैलखो | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 25. | श्री पंकज दलाल | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 26. | श्री अरविन्द | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागतोपरांत, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया :-

**मद सं. 1 : 23 दिसम्बर, 2025 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक 23 दिसम्बर, 2025 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त सभी की जानकारी एवं यथा अपेक्षित कार्रवाई हेतु मुख्यालय कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया था। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

(i) पिछली बैठक में सदस्य सचिव द्वारा आशुलिपिकों एवं लिपिकों के प्रशिक्षण के संबंध में समिति को अवगत कराया गया था कि मुख्यालय में तैनात 33 आशुलिपिकों में से 24 को हिंदी आशुलिपि का ज्ञान प्राप्त है और 23 लिपिकों में से 12 लिपिक हिंदी टंकण में प्रशिक्षित हैं तथा 01 लिपिक प्रशिक्षणरत हैं। केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के फरवरी, 2026 सत्र के लिए 04 लिपिकों का नामांकन भेजा गया है।

इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि 02 आशुलिपिकों को अगले सत्र के लिए प्रशिक्षण हेतु नामित किया गया है। 23 लिपिकों में से 12 लिपिक हिंदी टंकण में प्रशिक्षित हैं तथा प्रशिक्षणाधीन 01 लिपिक ने हिंदी टंकण की परीक्षा पास कर ली है। केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संचालित फरवरी, 2026 सत्र के लिए 04 लिपिकों का पत्राचार प्रशिक्षण आरम्भ हो चुका है।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(ii) पिछली बैठक में कार्यालय आदेश भाग-II के ट्यूलिप में द्विभाषीकरण के लिए निर्देश दिए गए थे कि कार्यालय आदेश भाग-2 के स्थाई भाग (static fields) को मानक रूप में तैयार किया जाए तथा परिवर्तनशील भाग (dynamic fields) को अंग्रेजी में ही रखा जाए। इस व्यवस्था को 01 माह के लिए पायलट प्रोजक्ट के तौर पर रखा जाए तथा बाद में इसकी समीक्षा की जाए।

इस संबंध में रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (सू.प्रौ. एवं प्र.) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि रक्षा लेखा नियंत्रक (आईटी. एंड एस.डी.सी.), सिकंदराबाद से प्राप्त सूचना के अनुसार कार्यालय आदेश भाग-2 के स्थाई भाग (static fields) के द्विभाषीकरण का कार्य 10.04.2026 तक पूरा कर लिया जाएगा तथा 15.04.2026 से इसे पायलट प्रोजक्ट के तौर पर शुरू किया जाएगा। अध्यक्ष महोदय ने इस मामले में धीमी प्रगति पर असंतोष ज़ाहिर करते हुए कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

**[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्रणाली तथा राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

(iii) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए थे कि मुख्यालय के तत्त्वावधान में र.ले.प्र.नि. (द.प.क.), जयपुर द्वारा 08-09 जनवरी, 2026 को जयपुर में आयोजित किए जाने वाले अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के आयोजन से संबंधित सभी तैयारियां सम्यक रूप से की जाएं तथा आयोजक कार्यालय को सभी संभव मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाए। इसके अतिरिक्त, सम्मेलन के समापन पर एक कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जाए।

इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को सूचित किया गया कि 08-09 जनवरी, 2026 के दौरान रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.प.क.), जयपुर द्वारा रक्षा लेखा विभाग के प्रथम राजभाषा सम्मेलन का बहुत उम्दा और

सफल आयोजन किया गया। प्रतिभागियों द्वारा व्याख्यान से लेकर समग्र प्रबंधन तक आयोजन के सभी पहलुओं की सराहना की गई। सम्मेलन का उद्घाटन श्रीमती अलका नांगिया अरोड़ा, रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक द्वारा किया गया तथा समापन समारोह में श्री अश्विनी कुमार तिवारी, रक्षा लेखा वरिष्ठ संयुक्त महानियंत्रक ने मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया। सदस्य सचिव द्वारा यह भी सूचित किया गया कि राजभाषा सम्मेलन से संबंधित छायाचित्र मुख्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा सम्मेलन के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा इससे जुड़े सभी अधिकारियों को बधाई दी।

(iv) पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए थे कि जिन स्टेशनों पर राजभाषा संवर्ग के अधिकारियों की तैनाती प्राधिकृत संख्याबल से अधिक है, उन्हें वहाँ से वरिष्ठता के आधार पर उन स्टेशनों पर तैनात किया जाए, जहाँ राजभाषा संवर्ग के अधिकारी प्राधिकृत पद होने के बावजूद तैनात नहीं हैं। इस संबंध में समूह अधिकारी (प्रशासन) द्वारा सूचित किया गया कि स्थानांतरण के इच्छुक अधिकारियों/ कर्मचारियों की वार्षिक वॉलंटियर सूची को अंतिम रुप दिया जा रहा है तथा वर्तमान शैक्षणिक सत्र की समाप्ति पर इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि वार्षिक स्वैच्छिक स्थानांतरण सूची (AVL) तथा स्टेशन वरिष्ठता (Station Seniority) के आधार पर स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा यथानिर्देशित, विभिन्न स्टेशनों पर वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी/ कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी के रिक्त पदों को भर दिया गया है। अध्यक्ष महोदय द्वारा इस पर संतोष व्यक्त किया गया।

सदस्य सचिव द्वारा समिति को यह भी बताया गया कि सहायक निदेशक (राजभाषा) के मानित समाप्त पदों के पुनः प्रवर्तन के उपरांत सहायक निदेशक (राजभाषा) के रिक्त पदों को प्रोन्नति द्वारा भरने की प्रक्रिया चल रही है।

(v) पिछली बैठक में समिति को बताया गया था कि सहायक निदेशक(राजभाषा) के 24 मानित समाप्त पदों के पुनः प्रवर्तन हेतु रक्षा मंत्रालय(वित्त) में प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस संबंध में सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि सहायक निदेशक(राजभाषा) के 24 मानित समाप्त (deemed abolished) पदों का पुनः प्रवर्तन (revival) हो चुका है। अध्यक्ष महोदय द्वारा इस पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। साथ ही, उन्होंने भविष्य में रिक्त पदों को यथासमय भरने के निर्देश भी दिए ताकि ऐसी स्थिति पुनः उत्पन्न न हो।

**[कार्रवाई : प्रशासन-II अनुभाग(स्थानीय)]**

**मद सं. 3: <u>हिंदी पत्राचार की तुलनात्मक समीक्षा</u>**

सदस्य सचिव द्वारा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित सितम्बर 2025 तथा दिसम्बर 2025 को समाप्त तिमाहियों तथा फरवरी, 2026 माह के आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा समिति के समक्ष रखी गई।

इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि हिंदी पत्राचार में और अधिक वृद्धि के प्रयास किए जाएं तथा एक बार प्राप्त लक्ष्य में कमी न आने पाए।

**[कार्रवाई : सभी अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 4 : रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा संवर्ग के पदों की स्थिति**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में राजभाषा संवर्गीय पदों की स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। समिति को अवगत कराया गया कि सहायक निदेशक(राजभाषा) के सभी 24 मानित समाप्त पदों का पुनः प्रवर्तन हो गया है। सहायक निदेशक (राजभाषा) के 13 रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति से भरने के लिए दिनांक 28.02.2026 के रोजगार समाचार पत्र में विज्ञापन दिया गया है तथा आवेदन करने के लिए 60 दिन का समय दिया गया है। शेष 12 रिक्त पदों (मई एवं जून, 2026 माह की संभावित रिक्तियों को मिलाकर) को प्रोन्नति से भरने के लिए

विभागीय प्रोन्नति समिति की कार्यवाही को रक्षा मंत्रालय को प्रेषित किया जा चुका है। वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के 01 रिक्त पद को प्रोन्नति से भरने के लिए कार्य प्रक्रियाधीन है। इसके अतिरिक्त, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों के 16 रिक्त पदों में से 03 रिक्तियों की सूचना कर्मचारी चयन आयोग को भेज दी गई है तथा शेष पदों पर चयनित उम्मीदवारों ने अभी कार्यभार ग्रहण नहीं किया है।

**मद सं 5 : मुख्यालय द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों तथा स्थानीय अनुभागों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण :**

सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 के अनुसार प्रत्येक विभाग के कम से कम 30% अधीनस्थ कार्यालयों तथा प्रत्येक कार्यालय के कम से कम 30% स्थानीय अनुभागों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया जाना है।

इसके अनुपालन में विभाग के कुल 34 रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/ रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालयों तथा क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्रों में से वर्ष 2025-26 के दौरान प्रस्तावित सभी 12 कार्यालयों का निरीक्षण किया जा चुका है। साथ ही, मुख्यालय के कुल 38 अनुभागों में से प्रस्तावित सभी 13 स्थानीय अनुभागों का निरीक्षण भी कर लिया गया है।

अध्यक्ष महोदय द्वारा उक्त निरीक्षणों के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति के संबंध में पाई गई स्थिति की जानकारी मांगी गई। सदस्य सचिव ने अध्यक्ष महोदय सहित समिति को सूचित किया कि इन निरीक्षणों के दौरान हिंदी पत्राचार की स्थिति, रजिस्टरों एवं सेवा-पुस्तिकाओं में हिंदी में प्रविष्टियाँ, हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन, हिंदी पुस्तकों की खरीद, हिंदी सॉफ्टवेयर की उपलब्धता, हिंदी पखवाड़ा का आयोजन आदि सभी महत्वपूर्ण मदों के कार्यान्वयन की समीक्षा की गई तथा संबंधित कार्यालयों/ अनुभागों को तदनुसार अनुवर्ती कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**मद सं 6 : अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :**

अध्यक्ष महोदय ने संसदीय राजभाषा समिति की अपेक्षानुसार राजभाषा कार्यान्वयन के सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिए जाने पर बल दिया। उन्होंने संसदीय राजभाषा समिति के संभावित निरीक्षणों के संबंध में सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

इसके अतिरिक्त, श्रीमती अलका नांगिया अरोड़ा, रक्षा लेखा अपर महानियंत्रक द्वारा मुख्यालय की वेबसाइट के द्विभाषीकरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी गई। सदस्य सचिव द्वारा समिति को बताया गया कि सूचना प्रौद्योगिक एवं प्रणाली अनुभाग (स्था.) से प्राप्त सूचना के अनुसार वेबसाइट को अभी अंतिम रूप नही दिया जा सका है। वेबसाइट को अंतिम रूप दिए जाने के पश्चात इसका द्विभाषीकरण किया जाएगा।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग(स्था.)/ सभी अनुभाग(स्था.)/ सभी अधीनस्थ कार्यालय)]**

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ ही बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

पूनम 20/3/26

**(पूनम)**

**सहायक निदेशक (राजभाषा)**